**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009

SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006

Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)


**NEWS CLIPPING: 16.05.2020**

**PUNJAB KESARI**

# जेसी बोस विश्वविद्यालय ने मांगें इनोवेटिव सॉल्यूशंस

## विश्वविद्यालय करेगा आत्मनिर्भर भारत - हैकथॉन प्रतियोगिता का आयोजन

फरीदाबाद, 15 मई (पूजा शर्मा): कोरोना महामारी से उत्पन्न संकट से लड़ने और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत मिशन को सहयोग देने के लिए युवाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा 20 से 23 मई तक आत्मनिर्भर भारत-हैकथॉन प्रतियोगिता के आयोजन का निर्णय लिया है। इस आशय का निर्णय कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट इनोवेशन सेल (आईआईसी) की बैठक में लिया गया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, टीईक्यूआईपी परियोजना समन्वयक डॉ. विक्रम सिंह, समन्वयक डॉ. मुनीश वशिष्ठ, आईआईसी के अध्यक्ष डॉ. लखविंदर सिंह, निदेशक, एलुमनाई एवं कॉर्पोरेट अफेयर डॉ. संजीव गोयल और आईआईसी के अन्य सदस्य उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता के विजेताओं को तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम (टीईक्यूआईपी) के अंतर्गत 5 लाख रुपए तक की प्रोत्साहन पुरस्कार राशि सीड मनी / इंक्यूबेशन प्रोत्साहन के रूप में प्रदान की जाएगी। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि इस तरह के आयोजन अलग-अलग प्रकार का कौशल, विशेषज्ञता एवं इनोवेटिव दृष्टिकोण रखने वाले युवाओं को मंच प्रदान करते है, जिसका फायदा जटिल औद्योगिक समस्याओं के समाधान के माध्यम से पूंजीगत लाभ या सार्वजनिक भलाई के उद्देश्य से इनोवेशन को प्रोत्साहित करके लिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता आत्मनिर्भर भारत मिशन के मूल विषय और उद्देश्य पर केंद्रित होगी। जो प्रधानमंत्री द्वारा परिभाषित मिशन के पांच स्तंभों का समर्थन करेगी, जिसमें अर्थव्यवस्था, बुनियादी ढाँचा, प्रौद्योगिकी संचालित प्रणाली, जीवंत जनसांख्यिकी और मांग शामिल हैं। इस प्रतियोगिता के माध्यम से,

## 20 मई को होगी प्रतियोगिता

प्रतियोगिता का आयोजन 'कोरोना महामारी के बाद नवाचार तथा स्टार्ट-अप के अवसर' विषय पर वेबिनार के साथ 20 मई, 2020 को होगी। इस वेबिनार को उद्योग जगत के विशेषज्ञो तथा शिक्षाविदों द्वारा संबोधित किया जायेगा तथा विभिन्न क्षेत्रों में कोरोना महामारी से उत्पन्न अवसरों पर चर्चा की जायेगी। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियो को 21 मई, 2020 को हैकथॉन समाधान का ऑनलाइन वीडियो प्रस्तुत करना है। ऐसे सभी प्रोजेक्ट्स की तकनीकी व्यवहार्यता का मूल्यांकन किया जाएगा। इसके बाद शीर्ष 22 मई, 2020 को सुबह टॉप 10 टीमों को घोषित की जाएगी तथा इसी दिन शाम को प्रतियोगिता का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया जाएगा।

## पुरस्कार में विद्यार्थियों को दी जाएगी 5 लाख तक की इंक्यूबेशन प्रोत्साहन राशि

विश्वविद्यालय ने तीन श्रेणियों के तहत इनोवेटिव सॉल्यूशंस चैलेंज आमंत्रित किए है, जिसमें प्राथमिकता कोविड-19 के लिए इनोवेटिव सॉल्यूशंस को दी गई है।

इसमें लॉजिस्टिक्स सॉल्यूशंस, सैनिटाइजेशन सॉल्यूशंस, मेडिसिन और मॉनिटरिंग सॉल्यूशंस शामिल हैं। इसी प्रकार, कृषि, स्वास्थ्य, सुरक्षा और शिक्षा जैसे सामाजिक क्षेत्रों के लिए भी समाधान आमंत्रित किए जाते हैं। विश्वविद्यालय के ऐसे विद्यार्थी, जिन्होंने स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2020 में भाग लिया था और सॉल्यूशंस भेजे थे, वे भी इस प्रतियोगिता में अपनी उन्हीं प्रोजेक्ट सॉल्यूशंस के साथ हिस्सा ले सकते है।

**NEWS CLIPPING: 16.05.2020**

**NAVBHARAT TIMES**

# जेसी बोस यूनिवर्सिटी ने छात्रों से मांगे इनोवेटिव सॉल्यूशंस

## यूनिवर्सिटी करेगी आत्मनिर्भर भारत-हैकथॉन प्रतियोगिता का आयोजन

■ **एनबीटी न्यूज, फरीदाबादः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत मिशन' को सहयोग देने के लिए युवाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जेसी बोस यूनिवर्सिटी 20 से 23 मई तक आत्मनिर्भर भारत-हैकथॉन प्रतियोगिता का आयोजन करेगी। कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार की अध्यक्षता में यूनिवर्सिटी के इंस्टिट्यूट इनोवेशन सेल की बैठक में यह फैसला लिया गया। इस मीटिंग में कुल सचिव डॉ. एसके गर्ग, डॉ. विक्रम सिंह, डॉ. मुनीश वशिष्ठ, डॉ. लखविंदर सिंह, डॉ. संजीव गोयल आदि भी शामिल हुए।

कुलपति ने बताया कि इस प्रतियोगिता के



विजेताओं को तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के अंतर्गत 5 लाख रुपये तक की प्रोत्साहन पुरस्कार राशि दी जाएगी। इस तरह के आयोजन अलग-अलग प्रकार का कौशल, विशेषज्ञता व इनोवेटिव दृष्टिकोण रखने वाले युवाओं को मंच प्रदान करते हैं। प्रतियोगिता के माध्यम से यूनिवर्सिटी ने 3 श्रेणियों के तहत इनोवेटिव सॉल्यूशंस चैलेंज आमंत्रित किए हैं, जिसमें प्राथमिकता कोविड-19 के लिए इनोवेटिव सॉल्यूशंस को दी गई है। इसमें लॉजिस्टिक्स सॉल्यूशंस, सैनिटाइजेशन सॉल्यूशंस, मेडिसिन व मॉनिटरिंग सॉल्यूशंस शामिल हैं। इसी प्रकार कृषि, स्वास्थ्य, सुरक्षा व शिक्षा जैसे सामाजिक क्षेत्रों के लिए भी समाधान आमंत्रित किए गए हैं। प्रतियोगिता में चयनित सर्वश्रेष्ठ प्रॉजेक्ट को 3 लाख रुपये तक की इंक्यूबेशन प्रोत्साहन राशि सीड मनी के रूप में दी जाएगी, ताकि वह अपने प्रॉजेक्ट को स्टार्ट-अप का रूप दे सकें।

**NEWS CLIPPING: 16.05.2020**

**HINDUSTAN**

# हैकथॉन प्रतियोगिता का आयोजन 20 मई से

**फरीदाबाद।** वाईएमसीए में युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए 20 से 23 मई, 2020 तक आत्मनर्भिर भारत- हैकथॉन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट इनोवेशन सेल (आईआईसी) की बैठक में लिया।

**NEWS CLIPPING: 16.05.2020**

**THE PIONEER**

# जेसी बोस ने विद्यार्थियों से मांगे इनोवेटिव सॉल्यूशंस

**फरीदाबाद।** कोरोना महामारी से उत्पन्न संकट से लड़ने और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत मिशन को सहयोग देने के लिए युवाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा 20 से 23 मई, 2020 तक आत्मनिर्भर भारत- हैकथॉन प्रतियोगिता के आयोजन का निर्णय लिया है।

इस आशय का निर्णय कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट इनोवेशन सेल (आईआईसी) की बैठक में लिया गया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एस. के. गर्ग, टीईक्यूआईपी परियोजना समन्वयक डॉ. विक्रम सिंह, समन्वयक डॉ. मुनीश वशिष्ठ, आईआईसी के अध्यक्ष डॉ. लखविंदर सिंह, निदेशक, एलुमनाई एवं कॉर्पोरेट अफेयर डॉ. संजीव गोयल और आईआईसी के अन्य सदस्य उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता के विजेताओं को तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम (टीईक्यूआईपी) के अंतर्गत 5 लाख रुपये तक की प्रोत्साहन पुरस्कार राशि सीड मनी / इंक्यूबेशन प्रोत्साहन के रूप में प्रदान की जायेगी।